NAVODYA TIMES, NOIDA, 9.3.2020
Page No. 4, Size:(13.23)cms X (7.00)cms.

मार्च माह में शुरू हो ग्रेनो वेस्ट मेट्रो के पहले फेज का निर्माण कार्य

निविदा प्रक्रिया में लाई गई तेजी ,जल्द होगा निर्माण कंपनी का चयन

नोएडा, 8 मार्च (नवोदय टाइम्स) : नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो का विस्तार सेक्टर 71 से नॉलेज पार्क पांच तक का निर्माण मार्च महीने में शुरू हो सकता है। इसके संकेत रविवार को एनएमआरसी की प्रबंधन निदेशिका रितु माहेश्वरी ने पिंक मेट्रो स्टेशन के अनावरण के समय दिए। यह विस्तार दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में नोएडा सेक्टर 71 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर 2 तक का निर्माण होगा। दूसरे फेज में ग्रेटर नोएडा सेक्टर 2 से नॉलेज पार्क 5 तक विस्तार होगा।

पहले फेज का निर्माण कार्य मार्च से शुरू हो सकता है। इसके लिए निविदा प्रक्रिया तेज कर दी गई है। बता दें पहले फेज में मेट्रो रूट के निर्माण की मंजूरी प्रदेश सरकार ने कैबिनेट से दे दी है। इस रूट से ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन एनसीआर में मेट्रो कनेक्टिविटी से जुड़ गया है। इस परियोजना से नोएडा, ग्रेटर नोएडा, एक्सटेंशन की सोसायटी, गांव, सेक्टरों में रहने वाले करीब दस लाख लोगों को इस परियोजना से सीधा फायदा होगा। ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन जो अभी तक एनसीआर की मेट्रो कनेक्टिविटी से दूर था, वह अब जुड़ गया है। ऐसे में मेट्रो संचालन शुरू होने से यहां के निवासी दिल्ली एनसीआर में आसानी से आ जा सकेंगे। एनएमआरसी अधिकारियों ने बताया कि पहले फेज में सेक्टर 71 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर 2 तक एक्वा लाइन मेट्रो का विस्तार किया जा रहा है।